DHTUP-COPR0IIHT/2/2025-COOP-DHTUP

I/570453/2026

प्रेषक,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0 प्र0, कानपुर।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (उ0 प्र0)
सूचना भवन पार्क रोड, लखनऊ–226001

पत्रांक 133 /ह0क0–सह0अनु0/आई0आई0एच0टी0/2026–27 कानपुर : दिनांक 29-4-2026

विषयः– भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चौकाघाट, वाराणसी के त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स वर्ष 2026–27 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के विज्ञापन के प्रकाशन हेतु

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संलग्न विज्ञापन सामग्री (सी0डी0सहित) निम्नलिखित समाचार पत्रों/उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित समाचार पत्रो में डी0 ए0 वी0 पी0 दरों पर 18 X 2 सेंटीमीटर साइज के कालम में दिनांक 01.05.2026 तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

1– दैनिक जागरण हिन्दी – उत्तर प्रदेश के समस्त संस्करणों में।

2– दैनिक हिंदुस्तान हिन्दी – उत्तर प्रदेश के समस्त संस्करणों में।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

Digitally signed by
VIJAYENDRAPANDIAN K
Date: 29-04-2026
16:30:12

(के0 विजयेन्द्र पांडियन)
आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,उ0प्र0,कानपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उ0प्र0
सर्वोदय नगर, जी0टी0 रोड कानपुर–208005

पंत्राक 134 /ह0क0/सह0अनु0/2026–27 दिनांक: 29 अप्रैल, 2026

भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय, **भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चौकाघाट वाराणसी** के पत्रांक– भा.ह.प्रौ.सं.वा./प्रशि.–7/2026/188 दिनांक 22/24.04.2026 के कम में वर्ष 2026–27 में भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चौकाघाट, वाराणसी के अन्तर्गत हथकरघा एवं वस्त्र तकनीकी में त्रि–वर्षीय डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष एवं सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश (lateral entry) हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है।

हथकरघा एवं वस्त्र तकनीकी में त्रि–वर्षीय डिप्लोमा (DHTT) कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु	**हथकरघा एवं वस्त्र तकनीकी में त्रि–वर्षीय डिप्लोमा कोर्स (DHTT) में सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश (lateral entry) हेतु**
अनिवार्य आर्हता– कम से कम 35 प्रतिशत अंको के साथ 10 वीं परीक्षा/एस0एस0सी0 परीक्षा अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण **अवधि**– तीन वर्ष **कुल सीट**– 49 (45+04 ई0डब्लू0एस0) **आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि**– 01 जून 2026 **अधिकतम आयु**– अभ्यर्थी की अधिकतम आयु दिनांक 01 जुलाई 2026 को 23 वर्ष तक परन्तु अनु0जाति/ अनु0जन जाति के अभ्यर्थियों हेतु दिनांक 01 जुलाई 2026 को 25 वर्ष तक	**अनिवार्य आर्हता**– गणित, भौतिकी एवं रसायन के साथ 10+2 उत्तीर्ण अथवा किसी वस्त्र संकाय की वोकेशनल स्ट्रीम में 10+2 उत्तीर्ण अथवा 10 वीं पास + ITI (2 वर्ष) **अवधि**– दो वर्ष **कुल सीट**– 05 (04+01 ई0डब्लू0एस0) **आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि**– 01 जून 2026 **अधिकतम आयु**– अभ्यर्थी की अधिकतम आयु दिनांक 01 जुलाई 2026 को 25 वर्ष तक परन्तु अनु0जाति/अनु0 जन जाति के अभ्यर्थियों हेतु दिनांक 01 जुलाई 2026 को 27 वर्ष तक

आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उ0प्र0 सर्वोदय नगर, जी0टी0रोड कानपुर– 208005 को केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित पूर्णतया भरे आवेदन–पत्र ही स्वीकार किये जायेगें। **इससे सम्बन्धित अन्य विवरण व आवेदन पत्र का प्रारूप https://iihtvaranasi.edu.in एवं https://handloom.upsdc.gov.in अथवा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उ0प्र0 सर्वोदय नगर जी0टी0 रोड, कानपुर एवं भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चौकाघाट वाराणसी (आई0आइ0एच0टी0) से किसी भी कार्य–दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।**

Digitally signed by
VIJAYENDRAPANDIAN K
Date: 29-04-2026
16:31:10

(के0 विजयेन्द्र पांडियन)
आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,उ0प्र0,कानपुर।